


अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated

उदयपुर, सोमवार, 15 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 27 

# सीजेपी के संस्थापक को मारे थप्पड़

## प्रोटेस्ट के दौरान हुआ हंगामा, पुलिस ने 6 लोगों को लिया हिरासत में





जयपुर। जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को थप्पड़ पड़ गए। दीपके नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर जयपुर में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इसी बीच भीड़ में से एक युवक ने अभिजीत दीपके को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए। सीजेपी संस्थापक दीपके को थप्पड़ मारने का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, भीड़ के बीच तीन लोग एक साथ पहुंचे, जिनमें से एक ने आगे बढ़कर अभिजीत दीपके को ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिए। बात में तुरंत पुलिस कई लोगों को हिरासत में लिया और थाने लेकर गई है।

### घटना के बीच कई मोबाइल चोरी

*अभिजीत दीपके के साथ हुए थप्पड़कांड के बीच प्रदर्शन के दौरान कई लोगों के मोबाइल चोरी होने की घटना सामने आई। एक तरफ अभिजीत दीपके को थप्पड़ मारने की घटना से मौके पर हड़कंप गया तो विरोध प्रदर्शन के दौरान मंच से अपने मोबाइल फोन को सुरक्षित रखने को लेकर अनाउंस होता रहा। घटना को लेकर सामने आए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सीजेपी संस्थापक अपने समर्थकों के कंधे पर बैठकर मंच की ओर आगे बढ़ रहे हैं।*

### दीपके को थप्पड़ मारने पर कई हिरासत में

इसी बीच उनके गले में पड़े गमछे को पहले कोई खींचता है। फिर भीड़ के बीच से अभिजीत दीपके को एक के बाद एक कई थप्पड़ मार दिए। दीपके को थप्पड़ पड़ते ही उनके अगल-बगल में मौजूद समर्थकों ने तुरंत थप्पड़ मारने वालों को पकड़ लिया और उन्हें पीट दिया। जानकारी के अनुसार अभिजीत दीपके को थप्पड़ मारने पर पुलिस ने करीब 6 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उनके नाम और पते के बारे में जानकारी जुटा रही है। इनमें से थप्पड़ मारने वालों की पहचान हो रही है। वहीं, थप्पड़ मारने वाले एक युवक ने बोला कि मैं राष्ट्रवादी हूं, ये जिहादी मानसिकता के लोग है, पेपरलीक तो बहाना है।

## अपराध करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** पानरवा पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने में फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुस्तकीम पुत्र अब्दुल शकुर अब्बासी निवासी मदनी मस्जिद के पास कोटडा जो थाने का हिस्ट्रीशीटर है। यह मादक पदार्थ की तस्करी करता है और संगठित अपराध सिंडिकेट सदस्य के रूप में काम करता है। मुस्तकीम के खिलफ अंबामाता व सूरजपोल में भी प्रकरण दर्ज है, जो इसने अपने गिरोह के साथ किए थे। हिस्ट्रीशीटर व उसके सहयोगी सिंडिकेट बना कर लोगों को डरा धमका कर अवैध रूप से धन की वसूली करता है। मुस्तकीम अब्बासी जेल से बाहर आने के बाद फिर से अपने गिरोह के साथ आपराधिक गतिविधियां करता है। आरोपी अपने घर पर चोरी छिपे आता है।

## रीको में स्क्रैप गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** कलड़वास रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित पैरागोन एसोसिएट के स्क्रैप गोदाम में देर रात अचानक भीषण आग लगने से अफ्रा.तफ्री मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में गोदाम में रखा बड़ी मात्रा में स्क्रैप और अन्य सामग्री उसकी चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार देर रात गोदाम से धुएं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। आग की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन विभाग की 8 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने लगातार प्रयास करते हुए आग को आसपास की इकाइयों तक फैलने से रोक लियाए जिससे बड़ा औद्योगिक हादसा टल गया। आग लगने से गोदाम में रखा स्क्रैप और अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार हादसे में दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग के दौरान उठते धुएं के गुबार दूर.दूर तक दिखाई दिएए जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास की फैक्ट्रियों के कर्मचारी और स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। गनीमत रही कि आग लगने के समय गोदाम में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था और इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। संबंधित विभाग द्वारा आग के कारणों की जांच की जा रही है।

# डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किए जगन्नाथ रायजी के दर्शन

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर मेवाड़ की गौरवशाली धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पूर्व मेवाड़ राजपरिवार के डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने परिवार सहित जगन्नाथ रायजी (जगदीश मंदिर) में दर्शन कर विशेष सेवा-पूजा एवं भेंट अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने मेवाड़ की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और निरंतर उन्नति के लिए भगवान से प्रार्थना की। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ अपनी धर्मपत्नी निवृत्ति कुमारी मेवाड़, पुत्र हरितराज सिंह मेवाड़, पुत्री मोहलक्षिका कुमारी मेवाड़ एवं प्राणेश्वरी कुमारी मेवाड़ के साथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव तथा उनकी धर्मपत्नी



एवं बालंगीर लोकसभा सांसद संगीता कुमारी सिंह भी उपस्थित रहे। राजपरिवार के मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने श्री एकलिंगनाथजी एवं भगवान जगन्नाथ स्वामी के जयघोषों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की, वहीं डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने भी सभी भक्तों का आत्मीय अभिवादन स्वीकार किया।

## सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश

*अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित इसी गौरवशाली धार्मिक परंपरा का पालन करते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने भगवान श्री जगन्नाथ रायजी के समक्ष श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना की। उनका यह धार्मिक दर्शन कार्यक्रम मेवाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश देता है। पुरुषोत्तम मास के इस विशेष अवसर पर राजपरिवार की उपस्थिति ने मंदिर परिसर के आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।*

## साढ़े तीन सौ वर्षों से जीवंत है परंपरा

उल्लेखनीय है कि उदयपुर का ऐतिहासिक जगन्नाथ राय मंदिर, जिसे आज जगदीश मंदिर के नाम से जाना जाता है, मेवाड़ के 57वें एकलिंग दीवान महाराणा जगत सिंह प्रथम द्वारा बनवाया गया था। इस भव्य विष्णु पंचायतन मंदिर की प्रतिष्ठा विक्रम संवत् 1709 की वैशाख पूर्णिमा (13 मई 1652) को भव्य समारोह के साथ संपन्न हुई थी। महाराणा जगत सिंह प्रथम भगवान जगन्नाथ स्वामी के अनन्य भक्त थे। उन्होंने काशी और जगन्नाथपुरी में भी महलों का निर्माण करवाया था। उस समय लंबी तीर्थ यात्राएं सभी के लिए संभव नहीं थीं, इसलिए उन्होंने उदयपुर में भगवान जगन्नाथ रायजी का यह भव्य देवालय बनवाकर अपनी भक्ति और जनआस्था को स्थायी स्वरूप प्रदान किया। मंदिर प्रतिष्ठा के अवसर पर हजारों गायों, स्वर्ण, घोड़ों तथा पांच गांवों का दान भी किया गया था।

## महाराणाओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है जगन्नाथ रायजी मंदिर

इतिहासकारों के अनुसार महाराणा स्वरूप सिंह, महाराणा फतह सिंह और महाराणा भूपाल सिंह के बहिड़ों एवं ऐतिहासिक अभिलेखों में इस मंदिर से जुड़े धार्मिक आयोजनो, मनोरथों, दान-पुण्य तथा विशेष दर्शनों का विस्तृत उल्लेख मिलता है। रथयात्रा, अन्नकूट महोत्सव, ध्वजा दर्शन और पुरुषोत्तम मास के विशेष अनुष्ठान सदियों से इस परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। विशेष रूप से महाराणा स्वरूप सिंह भगवान विष्णु के अनन्य उपासक थे और वे नियमित रूप से विभिन्न विष्णु मंदिरों में दर्शन के लिए जाते थे, जिनमें श्री जगन्नाथ रायजी मंदिर का विशेष स्थान रहा है।

# प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में जून 2026 के मध्य में किस यूरोपीय देश ने यूरोपीय संघ के कड़े कार्बन उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए अपने देश में 'शून्य-उत्सर्जन हाइड्रोजन-संचालित मालगाड़ी नेटवर्क को पूरी तरह से चालू कर दिया है, जो दुनिया में अपनी तरह का पहला नेटवर्क है?

[A] फ्रांस [B] जर्मनी [C] स्वीडन [D] नीदरलेंड

**Q2.** जून 2026 में राजस्थान उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

[A] न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा [B] न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई
[C] न्यायमूर्ति अरूण भंसाली [D] न्यायमूर्ति मनमोहन

**Q3.** राजस्थान बजट और आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना' के तहत बीमित परिवार के मुख्य सदस्य की दुर्घटना में मृत्यु होने पर देय अधिकतम वित्तीय सहायता राशि कितनी है?

[A] ₹5 लाख [B] ₹10 लाख [C] ₹20 लाख [D] ₹25 लाख

**Q4.** राजस्थान के राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्यों के संदर्भ में, राज्य का सबसे बड़ा वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र कौन सा है और वह मुख्य रूप से किन जिलों में विस्तृत है?

[A] राष्ट्रीय मरू उद्यान — जैसलमेर व बाड़मेर [B] कुंभलगढ़ अभ्यारण्य — राजसमंद, उदयपुर व पाली
[C] कैलादेवी अभ्यारण्य — करौली व सवाई माधोपुर [D] सरिस्का अभ्यारण्य — अलवर

**Q5.** चित्तौड़गढ़ दुर्ग में स्थित प्रसिद्ध 'विजय स्तम्भ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और असत्य कथन का चयन कीजिए:

[A] इसका निर्माण महाराणा कुंभा ने मालवा (मांडू) के सुल्तान महमूद खिलजी पर विजय के उपलक्ष्य में (सारंगपुर युद्ध, 1437 ई.) करवाया था।
[B] यह एक 9 मंजिला भव्य इमारत है, जिसके मुख्य सूत्रधार (वास्तुकार) जैता और उनके पुत्र नापा, पोमा व पुंजा थे।
[C] इसे 'भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोश भी कहा जाता है और यह भगवान शिव को समर्पित है।
[D] यह राजस्थान की पहली ऐसी ऐतिहासिक इमारत है जिस पर भारत सरकार द्वारा डाक टिकट जारी किया गया था।

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा
कल के अंक के उत्तर - 1 (B) 2 (B) 3 (C) 4 (C) 5 (B)

Dr. ANUSHKA
GROUP OF INSTITUTES

# पेराफेरी गांवों के पट्टा नियमों में शिथिलता की मांग

**मेवाड जगत**

**उदयपुर।** शहरी सेवा शिविरों में पट्टा नियमों में शिथिलता देने की मांग को लेकर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के नेतृत्व में पेराफेरी संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, स्वायत्त शासन सचिव रवि जैन तथा नगरीय निकाय निदेशक से मुलाकात कर विभिन्न मांगें रखीं। संघर्ष समिति के संयोजक चंदन सिंह देवड़ा ने बताया कि शहरी सेवा शिविरों में 69ए के तहत पट्टे जारी करने के लिए पुराने पट्टे की अनिवार्यता रखी जा रही है, जबकि यूडीए पेराफेरी क्षेत्र के करीब 50 गांवों में अधिकांश परिवारों के पास पुराने पट्टे उपलब्ध नहीं हैं। हाल ही में ये गांव नगर निगम क्षेत्र में शामिल हुए हैं, ऐसे में आबादी क्षेत्र में वर्षों से निवासरत परिवारों को वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार



पर वर्ष 2022 के नियमों के अनुरूप वर्ष 2018 तक की कट- ऑफ तिथि निर्धारित कर पट्टे जारी करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्ष 2022 में वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 2018 तक की बसावट वाले परिवारों को पट्टे दिए गए थे। यदि वर्तमान शिविरों में भी इसी प्रकार की शिथिलता दी जाती है तो हजारों परिवारों को राहत मिल सकेगी। इस पर यूडीएच मंत्री ने अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा एवं स्वायत्त शासन सचिव रवि जैन से चर्चा कर मामले में जल्द सकारात्मक दिशा.निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। वहीं यूडीए पेराफेरी में शामिल पहाड़ी बसावट वाले गांवों को बाहर रखने की मांग पर जिला कलक्टर से पुनः रिपोर्ट मांगी गई है। संघर्ष समिति ने सरकार के समक्ष निगम में शामिल नए गांवों की भूमि को शीघ्र गैरमुमकिन आबादी दर्ज करनेए आबादी से सटी बसावट वाली भूमि को पंचायत अथवा निगम के नाम आबादी दर्ज करने तथा मास्टर प्लान लागू होने से पूर्व विकसित आबादी क्षेत्रों को ग्रीन जोन से बाहर करने की मांग भी रखी। इस दौरान पूर्व गिर्वा प्रधान तख्तसिंह शक्तावत, नांदेश्वर मंडल अध्यक्ष सुनील चौधरी, सत्यनारायण गमेती, धर्मचंद मीणा, हेमराज गुर्जर, ईश्वर पारगी, सोहनलाल गमेती, चैनराम गमेती, देवेंद्र सिंह, कैलाश मीणा, नरेश मीणा, मांगीलाल मीणा सहित कई सरपंच एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गेहूं के बदले थमाए जा रहे प्याज, विरोध पर धमकी के आरोप




# गरीबों के राशन पर डाका?

### झाड़ोल के माणस गांव में राशन वितरण पर उठे गंभीर सवाल

### लाइसेंस निलंबन और एफआईआर की मांग तेज

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए गरीबों तक सस्ती दरों पर खाद्यान्न पहुंचाने की योजना पर झाड़ोल उपखंड क्षेत्र के माणस गांव में सवाल खड़े हो गए हैं। यहां उचित मूल्य दुकान संचालक पर उपभोक्ताओं को निर्धारित गेहूं देने के बजाय प्याज लेने के लिए मजबूर करने, राशन में कटौती करने और विरोध करने पर डराने-धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर पन्नालाल गरीब और जरूरतमंद परिवारों को उनके हिस्से का पूरा गेहूं देने के बजाय 20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से प्याज लेने का दबाव बनाता है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि यदि वे प्याज लेने से इनकार करते हैं तो उन्हें राशन नहीं दिया जाता या फिर घंटों तक चक्कर कटवाए जाते हैं।




### वीडियो और शिकायतों ने बढ़ाई प्रशासन की मुश्किलें

*मामले से जुड़े वीडियो और लिखित शिकायतें सामने आने के बाद यह मुद्दा पूरे झाड़ोल क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह न केवल गरीबों के हक पर डाका है, बल्कि सरकारी राशन व्यवस्था में बड़े स्तर पर अनियमितता का संकेत भी है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि लंबे समय से ऐसी शिकायतें सामने आ रही थीं तो संबंधित विभाग और प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं, जिससे राशन माफिया और भ्रष्ट डीलरों के हौसले बढ़ रहे हैं।*

### दो महीने के राशन में आधा ही मिला गेहूं

सैलाणा निवासी श्यामलाल कटारा ने जिला रसद विभाग को दी शिकायत में बताया कि वह दो महीने का राशन लेने माणस सेंटर पहुंचा था। उसे 30 किलोग्राम गेहूं मिलना था, लेकिन डीलर ने गेहूं उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर प्याज लेने के लिए दबाव बनाया। जब उसने प्याज लेने से इनकार किया तो कथित रूप से उसे गेहूं के बदले नकद राशि लेने की बात कही गई। काफी बहस और अनुरोध के बाद उसे केवल 15 किलोग्राम गेहूं देकर लौटा दिया गया, जबकि शेष राशन नहीं दिया गया।

### अनपढ़ -गरीब परिवारों को बनाया जा रहा निशाना

ग्रामीणों का कहना है कि राशन वितरण में सबसे अधिक शोषण अनपढ़ और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का हो रहा है। ऐसे परिवार अपने अधिकारों और नियमों की जानकारी नहीं होने के कारण विरोध भी नहीं कर पाते। कई उपभोक्ताओं ने दावा किया कि उनसे भी गेहूं के बजाय प्याज या नकद राशि लेने का दबाव बनाया गया।

### >> दोषी पाए जाने पर हो सख्त कार्रवाई

ग्रामीणों और राशन कार्ड धारकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर राशन डीलर का लाइसेंस तत्काल निलंबित करने, एफआईआर दर्ज करने तथा प्रभावित उपभोक्ताओं को उनका बकाया राशन दिलाने की मांग की है।

**गेहूं के बजाय प्याज देने का मामला सामने आया है। यदि ऐसा हुआ है तो यह पूरी तरह गलत है। जांच के लिए टीम भेजी जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित डीलर के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

**- मनीष भटनागर, जिला रसद अधिकारी, उदयपुर**

---

## प्रताप जयंती पर कल्लाजी बावजी का विशेष श्रृंगार

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** मेवाड़ के गौरव, स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की आगामी जयंती के उपलक्ष में सेक्टर-14 स्थित जय श्री काली कल्याण शक्तिपीठ में कल्लाजी बावजी का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को मेवाड़ की वीर परंपरा को दर्शाने वाले शस्त्रों, ढालों और ऐतिहासिक प्रतीकों से सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को महाराणा प्रताप के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिला दी। महंत डॉ. हेमंत जोशी ने बताया कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास में स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और संघर्ष के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनकी जयंती के अवसर पर युवाओं और श्रद्धालुओं को उनके आदर्शों से प्रेरित करने के उद्देश्य से कल्लाजी बावजी का विशेष श्रृंगार किया गया है। श्रृंगार में ढाल, तलवार, भाले एवं अन्य शौर्य प्रतीकों का समावेश किया गया। साथ ही धार्मिक एवं ऐतिहासिक सजावट के माध्यम से मेवाड़ की गौरवशाली विरासत को प्रदर्शित किया गया।



## त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्ष बनीं निवेदिता व्यास

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज खड़क क्षेत्र जवास का 39वां द्विवार्षिक अधिवेशन त्रिमेस जवास भवन, खेरवाड़ा में आयोजित हुआ। अधिवेशन में समाज के विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन सम्पन्न हुए। महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए निवेदिता व्यास लगातार दूसरी बार महिला अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। उनके निर्वाचन पर समाज के वरिष्ठजनों एवं समाजबंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। निवेदिता व्यास लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों एवं समाज सेवा से जुड़ी रही हैं। समाज के प्रति उनके समर्पण और योगदान को देखते हुए उन्हें पुनः इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना गया। इस अवसर पर निवेदिता व्यास ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता के लिए सभी के सहयोग से निरंतर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।



## डांगी, पटेल-पाटीदार समाज की विशाल पंचायती में सामाजिक सुधार पर मंथन

# बाल विवाह, मृत्यु भोज और कुरीतियों पर रोक लगाने का आह्वान

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** सामाजिक एकता, संगठन और समाज सुधार को लेकर वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के आवास पर डांगी, पटेल-पाटीदार समाज की विशाल पंचायती आयोजित हुई। पंचायती में उदयपुर संभाग के 52 चौखलों से आए पंच-पटेल, जनप्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों और बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। बैठक में समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, संगठन की मजबूती और सामाजिक विवादों के समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पंचायती की अध्यक्षता करते हुए विधायक उदयलाल डांगी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति शिक्षा और जागरूकता से ही संभव है। इसलिए सभी परिवारों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा नई पीढ़ी को संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के लोगों को स्वयं आगे आकर जिम्मेदारी निभानी होगी। सामूहिक संकल्प और सहभागिता से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस दौरान पंचायती में चित्तौड़गढ़ सीपी जोशी, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, मावली विधायक पुष्कर लाल डांगी, हजारीलाल डांगी, अजय सिंह डांगी, पूर्व विधायक दलीचंद डांगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ तथा भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।



### सामाजिक विवादों का समाधान समाज की जाजम पर हो

पंचायती में सामाजिक और पारिवारिक विवादों के समाधान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। विधायक डांगी ने कहा कि जमीन के छोटे-छोटे विवाद, पारिवारिक मतभेद और सामाजिक मामलों का समाधान समाज की पंचायती व्यवस्था के माध्यम से आपसी सहमति और राजीनामे से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में वर्षों लग जाते हैं, जबकि समाज की जाजम पर बैठकर आपसी समझाइश और सहमति से लिया गया निर्णय अधिक प्रभावी, स्थायी और सर्वमान्य होता है। इससे समय, धन और ऊर्जा की बचत होती है तथा समाज में भाईचारा और सौहार्द भी बना रहता है। पंचायती में उप-स्थत समाजजनों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे। वक्ताओं ने शिक्षा के प्रसार, युवाओं के कैरियर मार्गदर्शन, सामाजिक समरसता और संगठन को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि युवा पीढ़ी को समाज के इतिहास, संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।

### बाल विवाह और मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं पर जताई चिंता

*विधायक डांगी ने बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक बताते हुए इसे पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है और इससे शिक्षा तथा सामाजिक विकास प्रभावित होता है। इसके साथ ही उन्होंने मृत्यु भोज जैसी परंपराओं पर भी रोक लगाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के कारण कई परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। समाज को समय के अनुरूप सोच बदलते हुए ऐसी परंपराओं से दूरी बनानी चाहिए जो सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसानदायक हैं। बैठक में समाज में प्रचलित कुछ अन्य कुप्रथाओं और रूढ़िवादी परंपराओं पर भी चर्चा हुई। विधायक डांगी ने कहा कि बदलते समय के साथ समाज को वैज्ञानिक सोच और आधुनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने माता प्रथा सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही समाज को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है।*

# खरसान गांव में पैंथर के दो शावकों का आतंक, बछड़े का शिकार करने से ग्रामीणों में दहशत

मेवाड़ जगत

**वल्लभनगर।** जिले के वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र के खरसान गांव में पिछले कई दिनों से पैंथर के दो शावकों का लगातार मूवमेंट देखा जा रहा है। गांव के आसपास तथा खेतों की ओर उनकी आवाजाही से ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। बीती रात इन शावकों ने गांव निवासी मोतीलाल पुरोहित के बछड़े पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पैंथर शावकों की मौजूदगी की सूचना पूर्व में भी वन विभाग को दी गई थी तथा घटना के बाद पुनः विभाग को अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शावकों का लगातार आबादी क्षेत्र और खेतों के आसपास घूमना लोगों और पशुधन दोनों के लिए खतरा बनता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग ने आवश्यक कदम नहीं उठाए तो अन्य पशुओं पर भी हमले हो सकते हैं। साथ ही किसी अप्रिय घटना अथवा जनहानि की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल टीम भेजकर क्षेत्र का सर्वे कराने तथा पैंथर शावकों को सुरक्षित रूप से पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़ने की मांग की है। घटना के बाद गांव में भय का वातावरण है। ग्रामीण अपने पशुओं की निगरानी बढ़ाने को मजबूर हैं तथा बच्चों को अकेले बाहर भेजने से भी बच रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप कर गांववासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# गीतांजलि विश्वविद्यालय से डॉ. वनेश्वर सुथार को पीएचडी



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय उदयपुर के फैकल्टी सदस्य डॉ. वनेश्वर सुथार को गीतांजलि विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा नर्सिंग विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य डॉ. योगेश्वर पुरी गोस्वामी एवं डॉ. विजया अजमेरा के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। शोध का विषय दीर्घकालिक वृक्क विफलता से पीड़ित डायलिसिस रोगियों की स्व.प्रभावकारिता एवं जीवन गुणवत्ता पर व्यापक नर्सिंग हस्तक्षेप कार्यक्रम की प्रभावशीलता का मूल्यांकन था। शोध में पाया गया कि यह कार्यक्रम रोगियों की स्व.प्रभावकारिता और जीवन गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार लाने में प्रभावी है। डॉ. सुथार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय एवं चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# बूथ मजबूत तो चुनाव में मिलेगी सफलता : डॉ. मीनाक्षी सेठी ज़ैदी

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** आगामी चुनावों की तैयारियों और संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को कांग्रेस कार्यालय, नीमच माता स्कीम, देवाली में ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों का प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, कार्ययोजना की समीक्षा और आगामी गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि एआईसीसी नेशनल वॉर रूम की क्लस्टर हेड डॉ. मीनाक्षी सेठी ज़ैदी रहीं। उन्होंने ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को



संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं में निहित होती है और ब्लॉक.मंडल अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं। इनके माध्यम से ही पार्टी की नीतियां और कार्यक्रम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचते हैं। डॉ. ज़ैदी ने कहा कि ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों की भूमिका केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे पार्टी नेतृत्व और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं।

## डॉ. अश्विन दलवी ने संभाला उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन दलवी को केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. दलवी ने सोमवार को अपने नए दायित्व का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अंतर्गत पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख एवं उत्तराखंड जैसे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। केंद्र के पूर्व निदेशक का कार्यकाल 12 जून 2026 को पूर्ण होने के बाद आगामी आदेश तक यह अतिरिक्त जिम्मेदारी डॉ. दलवी को सौंपी गई है। डॉ. दलवी वर्तमान में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों और कला संरक्षण के क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए मंत्रालय ने उन्हें यह महत्वपूर्ण अतिरिक्त दायित्व सौंपा है।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने दिखाई एआई होम इकोसिस्टम के भविष्य की झलक

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने एआई होम के अनुभवों को लेकर अपना नया नज़रिया साझा किया है। कंपनी ने एक ऐसे जीरो लेबर होम का रोडमैप पेश किया है, जहाँ स्मार्ट तकनीकें खुद आगे बढ़कर घर के रोज़मर्रा के कामों के बोझ को कम करेंगी और जीवन को बेहतर बनाएंगी। एलजी के इस नए दृष्टिकोण के केंद्र में यह सोच है कि भविष्य का घर केवल उपकरणों को आपस में जोड़ने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे इंसानों को समझना होगा, उनकी ज़रूरतों को पहले से पहचानना होगा और उनके बदले खुद काम भी करना होगा। अपने इस सपने को सच करने के लिए एलजी एक ऐसा एआई होम इकोसिस्टम तैयार कर रहा है जो मुख्य रूप से तीन स्तंभों पर टिका है।

## मादड़ी प्रीमियर लीग-4 का समापन




**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** शहर के पानेरियों की मादड़ी में आयोजित दो दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता मादड़ी प्रीमियर लीग.4 का देर रात उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। प्रतियोगिता में मेनारिया समाज की 10 टीमों ने भाग लिया और रोमांचक मुकाबलों के बीच खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेनारिया समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया कि भट्ट तलाई नोहरा, पानेरियों की मादड़ी में 13 एवं 14 जून को आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मेनारिया समाज ग्राम सभा के अध्यक्ष बंशीलाल नाथावत ने टॉस कर किया। प्रतियोगिता के दौरान देर रात तक चले मुकाबलों का बड़ी संख्या में समाजजनों और क्रिकेट प्रेमियों ने आनंद लिया। आयोजन समिति के अश्विन मेनारिया ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइज़र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि श्रीजी एलईडी वॉल उपविजेता रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दिशान्त मेनारिया को बेस्ट बल्लेबाज एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, जबकि तरुण मेनारिया को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## बालाजी तरणताल की तैराकी प्रतियोगिता में 150 से अधिक बच्चों ने दिखाया दमखम

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** बालाजी तरणताल द्वारा बच्चों में तैराकी के प्रति रुचि विकसित करने एवं नई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित लिटिल चैंपियन-2026 तैराकी प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में उदयपुर के विभिन्न तरणतालों तथा फतहसागर, पिछोला सहित अन्य जलाशयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर.6 वर्ष, 7 से 10 वर्ष, 11 से 14 वर्ष, 15 वर्ष से अधिक तथा वरिष्ठ नागरिक वर्ग में फ्लोटर, किक बोर्ड एवं फ्री-स्टाइल तैराकी स्पर्धाओं का आयोजन किया



गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर दीपेंद्र सिंह राठौड़ थे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विहाना कुमावत, हियु गोस्वामी एवं ख्याति झगनावत को अपने-अपने वर्ग में लिटिल चैंपियन-2026 का खिताब प्रदान किया गया। बालाजी तरणताल की निदेशक डॉ. ऋषिका सुखवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना विकसित करना तथा तैराकी खेल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों के सम्मान के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ।

## वरिष्ठजन और युवा जुड़ाव कार्यक्रम आयोजित

मेवाड़ जगत

उदयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पहल के तहत युवाओं को संस्कारित और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से तारा संस्थान के सेक्टर.14 स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठजन और युवा जुड़ाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और युवा पीढ़ी के बीच बेहतर संवाद, आपसी समझ तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल चौधरी, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर तथा जिला युवा अधिकारी समीर खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राहुल चौधरी ने तारा संस्थान द्वारा संचालित कृष्ण शर्मा आनंद वृद्धाश्रम



की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि वृद्धाश्रम का वातावरण स्वच्छ, व्यवस्थित और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर है। यहां निवासरत वरिष्ठजन जीवन के प्रति उत्साह और सकारात्मक सोच का प्रेरणादायक उदाहरण हैं। संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने कहा कि पीढ़ियों के बीच संवाद और सम्मान की भावना विकसित होने से परिवार और समाज दोनों मजबूत बनते हैं। युवाओं को वरिष्ठजनों के अनुभवों से सीख लेनी चाहिए, वहीं वरिष्ठजन भी बदलते समय के अनुरूप युवाओं का मार्गदर्शन करें। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए युवाओं को संस्कारए संवेदनशीलता और बुजुर्गों के सम्मान का संदेश दिया। तारा संस्थान के सचिव दीपेश मित्तल ने बताया कि संस्थान द्वारा वर्तमान में उदयपुर, प्रयागराज और वाराणसी में सात वृद्धाश्रमों का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है, जहां 450 से अधिक बुजुर्ग निवासरत हैं।

मेवाड़ जगत

उदयपुर, सोमवार, 15 जून 2026 

# ई-कामर्स व्यवसाय के नाम से 71 करोड़ रूपए ठगने वाले तीन गिरफ्तार

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** ई-कामर्स से व्यवसाय करने का झांसा देकर उसके व लाखों लोगों से 71 करोड़ रूपए ऐंठने में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मिलक्रून लोजिस्टिक के प्रोपराइटर देवेन्द्र सिंह निवासी राधिका विहार इस्कॉन रोड मानसरोवर पत्रकार कॉलोनी जयपुर ने मामला दर्ज करवाया कि वह जयपुर में ई-कामर्स कंपनियों के साथ लॉजिस्टिक्स एवं वेयर हाउस संचालन का काम करता है। कुछ समय पूर्व उसे एयर पिनकोडएडेक लॉजिस्टिक नामक एक ई कॉमर्स कंपनी ने व्यवसायिक साझेदारी के लिए संपर्क किया। कंपनी के स्वयं को सीईओ और फाउंडर बताने वाले नरेश कुमार सैनी पुत्र फूलचंद सैनी निवासी ढाणी हलावाली खेरकी रोड कोटपूतल और सुशील सोनी ने स पर्क कर बड़े स्तर पर ई कॉमर्स नेटवर्क स्थापित करने का भरोसा दिलाया। आरोपियों ने कंपनी का कार्यालय सेक्टर 4 उदयपुर में चलना बताया। आरोपियों ने कंपनी का रजिस्ट्रेशन अपने रिश्तेदार योगश कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी थानवास महेंद्रगढ़ हरियाणा और इसके भाई मनोज कुमार के नाम से होना बताया। आरोपियों ने देश भर में स्टेट वेयर हाउस, सिटी हब, वर्चुवल दुकानउदार की योजना बतकार लोगों से सिक्योरिटी डिपोजिट और रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया। आरोपियों ने लगभग 23 स्टेट वेयर हाउस खोले, जिसमें प्रति वेयरहाउस 3 लाख रूपए




कुल 69 लाख रूपए सिक्योरिटी डिपॉजिट लिया। लगभग 650 से अधिक सिटी हब खोले, जिनसे 1 लाख रूपए प्रति हब के कुल 6 करोड़ 50 लाख रूपए लिए। लगभग 5 लाख से अधिक वर्चवल दुकानदार बनाए, जिनसे प्रति व्यक्ति 1288 रूपए के हिसाब से कुल 64 करोड़ 40 लाख रूपए लिए। इस तरह से इन लोगों ने 71 करोड़ 59 लाख रूपए लोगों से ली। प्रार्थी ने भी 3 लाख रूपए सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में दिए। इसके बाद कंपनी के निर्देशानुसार उसने 1 मार्च 2026 को एक वेयरहाउस किराये पर लिया, ताकि स्टेट वेयर हाउस चलाया जा सके। इस वेयर हाउस का वह 2 लाख 10 हजार रूपए किराया वहन किया। उसे यह आश्वासन दिया कि 17 जनवरी से कंपनी का काम प्रारंभ हो जाएगा तथा उसके वेयरहाउस पर ऑर्डर आने लगेंगे, परंतु आज तक कोई काम प्रारंभ नहीं हुआ। जब उसने एवं अन्य पार्टनर्स ने इस संबंध में जानकारी ली तो लगभग 23 माह तक विभिन्न बहाने बनाकर उसे गुमराह किया जाता रहा तथा तकनीकी समस्या का बहाना बनाते रहे। जब उसने वेयरहाउस के किराये एवं अन्य खर्चों के बारे में पूछा तब कंपनी ने आश्वासन दिया। साथ ही उसे कहा कि काम शुरू होने तक उसे 40 हजार रूपए प्रतिमाह भेजा जाएगा पर ऐसा नहीं हुआ। वर्तमान में इन आरोपियों ने उदयपुर स्थित अपना हेड ऑफिस भी खाली कर दिया तथा उनका वर्तमान ठिकाना मादडी में है। उसने जमा कराई सिक्योरिटी राशि भी वापस नहीं की जा रही है तथा अन्य खर्चों की भी कोई भरपाई नहीं की गई है। इस तरह से आरोपियों ने उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में जांच करते हुए मनोज कुमार सैनी पुत्र दिनेश कुमार सैनी निवासी थनवास नागल चौधरी महेन्द्रगढ हरियाणा, इसके भाई योगेश सैनी, नरेश कुमार सैनी पुत्र फूलचंद सैनी निवासी ढाणी हलावाली खेरकी रोड कोटपुतली को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## गाड़ी हटाने के लिए कहने पर युवक से मारपीट

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** घर के बाहर से गाड़ी हटाने और घर के बाहर गाड़ी लगाने से मना करने पर एक दुकान पर काम करने वाले युवकों ने एक युवक से मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार योगेश पुत्र जगदीश चन्द्र भोई निवासी कालका माता रोड पायडा ने रिपोर्ट दी कि 14 जून को मै काम करके अपने घर पर आया। 3 से 3.30 बजे मेरे घर के बाहर जगदीश के यहां काम करने वाले की गाडी खडी थी, जिस पर मैने उसे अपनी गाड़ी हटाने के लिए कहा। मैने मेरे घर के सामने गाडी लगाने से मना किया तो हमारी आपस मे गाली-गलोच होने लगी। नंद नाम के लड़के ने मेरे लट्ठ से मार दी। इस दौरान वहां पर और लडके भी जो जगदीश के यहा काम करते है, वो आ गए उन्होंने मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जिस पर मेरे पिताजी जगदीश आए तो उनके साथ भी झगडा किया। 3-4 लडको ने मुझे पकड लिया व मारपीट की, जिससे मेरे बाएं हाथ, सिर व शरीर पर तथा मेरे पिताजी के बाएं हाथ पर चोट आई। रिपोर्ट पर प्रतापनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर पर हमला कर ट्रैक्टर से घर की दीवार तोड़ी

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** घर के सामने रहने वाले एक परिवार एक अन्य परिवार पर हमला कर दिया और ट्रेक्टर से टक्कर मारकर घर की दीवार तोड़ कर पथराव किया जिससे दो युवक घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हीना डांगी पत्नी नरेन्द्र डांगी निवासी पालवास खुर्द डबोक ने रिपोर्ट दी कि 13 जून को 10 बजे मै और मेरी भाभी सीता डांगी खाना खा रहे थे। तब मेरे घर के सामने रहने वाले सुनिल डांगी, विनोद डांगी, दिनेश डांगी ने गाली गलोच कर हमारे घर पर हमला किया। सुनील डांगी ने ट्रेक्टर जिस पर लोडर लगा हुआ था उससे मेरे घर की दीवार को तोड दी, जिससे हमारे पानी का टेंक और घर मे पडी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी है। उसके बाद इन लोगो ने हमारे घर पर पत्थर फैंके थे। सुनील के हाथ मे एक तलवार थी, जो हमे बताकर जान से मारने की धमकियां दे रहा था। इतनी देर में मेरे पति नरेन्द्र डांगी एवं उनका दोस्त ललित डांगी मोके पर आ गए, जिनके भी पत्थर लगने से चोट आई है। रिपोर्ट पर डबोक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टॉवर से 60 बैट्रियां चोरी

उदयपुर। वल्लभनगर में जिओ के टॉवर रखी 30 बैट्री और टॉवर में लग रही 30 बैट्रियां अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोनू कुमार पुत्र भैरूलाल बैरवा निवासी प्रेमनगर उद्योगनगर कोटा ने रिपोर्ट दी कि मैं जीएसपी पॉवर सिस्टम में एस्टेट ऑफिसर के पद पर तैनात हूँ, मुझे उदयपुर संभाग में लगा रखा है। हमारी क पनी रिलायन्स जिओं के टावरो कि देखरेख व संचालन का काम करती है। हमारी क पनी का एक जिओ मोबाईल टावर विजयपुरा वल्लभनगर में स्थित है, जिसकी साइड पर रखी हुई 30 बैट्री व जिओ टावर में लगी हुई 30 बैट्री 25 मई को अज्ञात चोर दिन मे कोई चुरा कर ले गया। रिपोर्ट पर वल्लभनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 2 महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** बाघपुरा थाना क्षेत्र मे दो महीने से फरार चल रहे बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी वेलाराम ने बताया कि 22 अप्रैल को पीड़ित मोहन पुत्र हकरा मुसिया निवासी घाटीवसाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी बाइक शाम के समय महेंद्र पुत्र रमेश के घर के बाहर खड़ी की थी। अगले दिन सुबह 11 बजे जब वह वहां पहुंचा तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने अपने स्तर पर भी पता लगाया तो सामने आया कि उसकी बाइक गोविंद सिंह ने चोरी की है। एक व्यक्ति ने बाइक गोविंद सिंह के पास देखी थी।



पीड़ित की सूचना पर जब पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी तो वह वहां से गायब मिला और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच आरोपी जैसे ही अपने घर पहुंचा, पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी गोविंद पुत्र मगन सिंह सारंगदेवोत निवासी खाटी कमदी बाघपुरा को गिर तार किया। इस मामले में पूर्व में गिर तार किए जा चुके आरोपी नरेश पुत्र समरथ सिंह की निशानदेही पर चोरी की बाइक पहले ही बरामद की जा चुकी थी।

## यशवंत फाउंडेशन की “Night Run 2.0” में उमड़ी महिला शक्ति

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** जब आधी आबादी के कदम एक साथ सड़क पर उतरे, तो रात की खामोशी तालियों की गड़गड़ाहट और जोश के नारों से गूंज उठी। मौका था यशवंत फाउंडेशन द्वारा आयोजित “Night Run 2.0” का, जहां उदयपुर की सड़कों पर महिला शक्ति, आत्मविश्वास और अटूट एकजुटता का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। फाउंडेशन की संयोजक कनिष्का श्रीमाली के नेतृत्व में आयोजित इस नाइट रन में करीब 300 महिलाओं ने हिस्सा लिया। महाकाल मंदिर



से लेकर राजीव गांधी पार्क तक का पूरा रास्ता महिलाओं के अदम्य साहस का गवाह बना। दौड़ के दौरान सड़कों पर एक साथ उठते कदमों की धमक और महिलाओं का अद्भुत जोश दिखाई दिया। कई मोड़ ऐसे आए जहां सांसें फूलने लगीं, कदम धीमे हुए, महिलाएं कभी रुकीं, एक-दूसरे को संभाला, हौसला बढ़ाया और फिर दोगुनी रफ्तार से दौड़ पड़ीं। इस ऐतिहासिक दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि महारानी निवृत्ति कुमारी मेवाड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं जन्म से ही सशक्त और भीतर से मजबूत होती हैं। वे जीवनभर दौड़ती ही रहती हैंय विवाह से पहले माता.पिता और भाई.बहनों की जिम्मेदारियों के लिए दौड़ती हैं और विवाह के बाद पति, बच्चों एवं पूरे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में लगी रहती हैं। महारानी ने संदेश दिया कि यदि हमेशा फिट रहना है तो रुकना नहीं है, बस चलते रहना है। आज की यह दौड़ इसी बात का प्रतीक है कि अब महिलाओं को अपनी सेहत और खुद के वजूद के लिए भी आगे बढ़ना होगा।